# गर्भवती पत्नी, पति और बेटी को कार ने कुचला, तीनों की मौत

## तीन साल का दूसरा बच्चा उछलकर दूर जा गिरा जिससे वह बच गया

**अलवर, (निसं)।** अलवर में दर्दनाक सड़क हादसे में पति-पत्नी और 6 साल की बेटी की मौत हो गई। 3 साल का दूसरा बच्चा उछलकर दूर गिरा और वह बच गया। आमने-सामने हुई टक्कर में तीन परिजनों की मौत से परिवार भी सदमे में आ गया। महिला गर्भवती थी। हादसा शुक्रवार शाम करीब 8 बजे अलवर-भरतपुर मार्ग पर जुगरावर टोल नाके के पास हुआ।

पत्नी सरिता(28), बेटी मन्नू(6) और 3 साल के बेटे कृष्णा को लेकर बख्तल की चौकी निवासी नरेश(32) बाइक पर ससुराल जा रहा था। सरिता को अपने परिजनों से मिलना था, लेकिन रास्ते में जुगरावर टोल नाके के पास सामने से स्पीड में आ रही कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में नरेश के 3 साल का बेटा कृष्णा हवा में उछल 30 मीटर दूर सडक पर जा गिरा। पुलिस मौके पर पहुंची और चारों को बडौदामेव अस्पताल लेकर आए। यहां से घायलों को अलवर रैफर किया गया, जहां नरेश, सरिता और मन्नू की मौत हो गई। कृष्णा बुरी तरह से घायल हो गया, उसका इलाज चल रहा है।

- **ड्राइवर रामचरण और उसका साथी शिवराज भी घायल हो गये**
- **कार स्पीड में थी जो टक्कर मारने के बाद बाइक को घसीटते हुए दूर तक ले गई**

मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि कार ड्राइवर घाट निवासी पप्पू उर्फ रामचरण जोगी स्पीड में था। टक्कर मारने के बाद भी वह बाइक को घसीटता हुआ दूर तक ले गया। इसके बाद कार नदी में पलट गई। इस हादसे में कार ड्राइवर रामचरण और उसका साथी टोंक निवासी शिवराज भी घायल हो गया।

पुलिस ने बताया कि शनिवार सुबह पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिये। चंद सेकंड में परिवार खत्म हो गया। मृतक के भाई ने बताया कि नरेश गोल गप्पे की दुकान करता था। अब 3 साल के मासूम के अलावा कोई नहीं बचा है।

## पिस्तौल से फायरिंग कर फैलाई दहशत

**पावटा, (निसं)।** विराटनगर क्षेत्र के मैड कस्बे में अज्ञात मोटरसाइकिल सवार बदमाशों ने प्रतापगढ़ सड़क मार्ग पर फायरिंग कर दहशत फैलाते हुए मौके से फरार हो गए। अचानक मुख्य बाजार में हुई फायरिंग की घटना से इलाके में दहशत का माहौल हो गया। बाइक सवार फायरिंग कर मौके से फरार हो गए।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। शनिवार सुबह मैड कस्बे में स्थानीय ग्रामीणों ने फायरिंग की घटना का विरोध जताते हुए बाजारों को बंद कर दिया और पुलिस एवं प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की मांग की। मुख्य बाजार बंद होने की सूचना पर विराटनगर थाना प्रभारी सोहन लाल जाब्ते के साथ ग्राम पंचायत भवन मैड पहुंचे। जहां सरपंच प्रति निधि मनोज रातावाल सहित स्थानीय ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों ने फायरिंग की घटना का कडा विरोध जताते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# खनिज सहायक अभियंता विजिलेंस 50 हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार

## कांकरोली स्थित मकान की तलाशी में 1 लाख 35 रुपए नकद बरामद किये

**राजसमंद, (निसं)।** भ्रष्टाचार के खिलाफ राजस्थान में एसीबी की कार्रवाई लगातार जारी है इसी क्रम में शनिवार को राजसमंद एसीबी ने माइनिंग विभाग के सहायक अभियंता विजिलेंस राजेंद्र लालस को 50 हजार की रिश्वत लेते हुए ट्रैप किया है। एसीबी टीम ने आरोपी के कांकरोली स्थित मकान की तलाशी में 1 लाख 35 रुपए नकद भी बरामद किया है। राजसमंद एएसपी डीएसपी अनूप सिंह ने बताया कि परिवादी द्वारा एसीबी कार्यालय में एक शिकायत दर्ज कराई गई।



राजेन्द्र लालस

दर्ज शिकायत में बताया कि गिट्टी क्रेशर प्लांट को सुचारू रूप से चलने देना एवं निरीक्षण के दौरान नाजायज परेशान नहीं करने की एवज में आरोपी सहायक खनिज अभियंता विजिलेंस राजेंद्र लालस पुत्र चण्डीदान लालस निवासी मोहननगर, बीजेएस कॉलोनी जोधपुर हाल कालिंदी विहार कांकरोली ने उससे 1 लाख रुपए रिश्वत राशि की मांग की है और परेशान किया जा रहा है। जिस पर एसीबी की टीम ने शिकायत का सत्यापन करने के बाद ट्रेप की कार्रवाई करते हुए राजेंद्र लालस को 50 हजार की रिश्वत के साथ गिरफ्तार किया।

एसीबी द्वारा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। वही आरोपी को उदयपुर एसीबी कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# अग्निपथ योजना: जोधपुर शहर में पांच जनों को पुलिस ने हिरासत में लिया

**जोधपुर, (कासं)।** भारतीय सेना में होने जा रही अग्निवीरों की भर्ती के विरोध में शनिवार को भी प्रदर्शन जारी रहा। जोधपुर में सुबह कुछ जने एकत्र हो गए। पुलिस ने अलर्ट रहते हुए पांच जनों को मौके से दस्यताब कर गाड़ी में बिठाया। इन्हें समझाइश कर बाद में छोड़ दिया गया। पुलिस आयुक्तालय ने शुक्रवार को एक संदेश जारी कर युवाओं को विरोध प्रदर्शन से दूर रहने की नसीहत दी थी। अन्यथा उनकी नौकरी खतरे में पड़ सकती है। सोशल मीडिया पर चल रहे संदेशों के चलते युवा जगह -जगह एकत्र होने लगे हैं। जोधपुर में आज पुलिस ने विरोध प्रदर्शन नाकाम कर दिया। शहर में आज चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात की गई है, ताकि विरोध प्रदर्शन के लिए छात्रों को एकत्र होने से रोका जा सके।

- **सोशल मीडिया पर चल रहे संदेशों से युवा जुटने लगे थे**

खुफिया सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर शनिवार पुलिस पहले से सतर्क हो गई। शहर में छात्रों के एकत्र होने के पांच स्थान पर पुलिस बल तैनात किया गया। साथ ही अन्य स्थान पर पुलिस के जवान लगातार निगरानी रखे हुए हैं। सेना भर्ती की तैयारी कर रहे कुछ छात्र पावटा बस स्टैंड के समीप एकत्र हो रहे थे। उनकी संख्या बढ़ती इससे पहले पुलिस ने पांच छात्रों को हिरासत में ले लिया।

इन छात्रों को बस में बैठाकर उदय मंदिर पुलिस थाना ले जाया गया। पांच छात्रों के पुलिस के हत्थे चढ़ते ही आस-पास फैले हुए छात्र एकत्र हो प्रदर्शन करने की हिम्मत ही नहीं जुटा पाए और वे वहां से बिखर गए।

## खनन माफिया ने वन विभाग की टीम पर हमला किया

**भरतपुर, (निसं) ।** भरतपुर जिले के कामा थाना इलाके के गांव सुनहरा के पास स्थित पहाड़ियों से अवैध खनन कर रहे खनन माफिया ने वन विभाग की टीम पर जानलेवा हमला कर दिया।

अवैध खनन की शिकायत के बाद वन विभाग की टीम क्षेत्रीय वन अधिकारी पवन यादव के नेतृत्व में मौके पर पहुंची थी। उसी दौरान ट्रैक्टर ट्रॉली में अवैध खनन कर पत्थर ले जा रहे माफियाओं ने वन विभाग की गाड़ी को रोक लिया और पथराव शुरू कर दिया। हालात ऐसे हो गए कि वन विभाग की टीम को वहां से जान बचाकर भागना पड़ा। खनन माफिया द्वारा पथराव की घटना कैमरे में कैद हो गई। क्षेत्रीय वन अधिकारी डीग भरतपुर पवन यादव ने बताया कि सुनहरा गांव के पास स्थित पहाड़ियों में अवैध खनन की सूचना मिली थी। हमारी टीम कार्रवाई करने मौके पर पहुंची थी। जहां उन लोगों ने पथराव कर दिया, वहां से किसी तरह हम गाड़ी में बैठ कर भाग आए।

# अग्निपथ सेना भर्ती: शांति भंग में आधा दर्जन गिरफ्तार

**सादुलपुर, (निसं)।** केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा युवाओं के लिए प्रस्तावित अग्निपथ सेना भर्ती योजना को लेकर शनिवार को कस्बे में विरोध प्रदर्शन हुआ। आईजी बीकानेर रेंज बीकानेर द्वारा इस आदोलन में हिंसापूर्वक भाग लेने वालों तथा इस संबन्ध में राजद्रोहात्मक टिप्पणी करने वालों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के दिशा निर्देशन जारी किये गये थे। जिस पर चूरू जिला पुलिस अधीक्षक दिगंत आनन्द के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक बुटोलिया एवं वृताधिकारी वृत राजगढ बृजमोहन असवाल के निकटतम सुपरवीजन में राजगढ थानाधिकारी कृष्ण कुमार बलौदा द्वारा

18 जून के प्रस्तावित विरोधात्मक आदोलन में हिंसापूर्वक भाग लेने वाले एवं राजद्रोहात्मक टिप्पणी करने वाले पंकज कुमार पुत्र धर्मपाल जाति जाट निवासी लाखलाण छोटी थाना राजगढ, सुनिल पुत्र राजवीर निवासी न्यांगल बडी थाना राजगढ, शिव कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासी थान मठुई थाना राजगढ, सत्येन्द्र कुमार पुत्र विनोद कुमार निवासी ढंढाल शेरा थाना राजगढ को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार करने के साथ गाँव भगेला निवासी एक आरोपी को निरूद्ध किया।



राजगढ़ थाना पुलिस द्वारा शांतिभंग के आरोप में युवकों को गिरफ्तार किया।

अनिल कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी जैतपुरा थाना हमीरवास जिला चूरू को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर सदाचार व नेकचलनी के लिए पांबन्द करवाया गया।

गौरतलब है कि गुरुवार व शुक्रवार को सोशल मीडिया पर भडकाऊ पोस्ट लगाए जाने के कारण पुलिस प्रशासन की नींद उड़ी नजर आई। जिस प्रकार की पोस्ट वायरल हुई उसे लेकर पुलिस प्रशासन चिंतित रहा, लेकिन पुलिस प्रशासन पूरी तरह व्यवस्थाओं में जुटा रहा। थानाधिकारी कृष्ण कुमार ने स्थिति स्पष्ट कर दी कि शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर अपना पक्ष रखने वालों का हम पूरा सहयोग करेंगे मगर यदि किसी ने कानून व्यवस्था की स्थिति के प्रतिकूल कुछ भी कोशिश की तो बख्शा नहीं जाएगा।

हांलाकि सूत्रों की माने तो ट्रेन रोके जाने एवं स्टेशन पर हंगामा करने वाली पोस्ट भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। उसे देखते हुए रेलवे स्टेशन पर भी आरपीएफ पुलिस के अधिकारी, सिपाही तैनात रहे। वहीं हरियाणा क्षेत्र में रेलों को रोके जाने के कारण कुछ रेलगाडियां विलम्ब से आई और यात्री परेशान दिखे मगर स्थिति हमेशा की तरह सामान्य रही।

# शिकारियों ने दो मोरों की गोली मारकर हत्या की

**चाकसू, (निसं)।** शनिवार को उपखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत कादेड़ा के ग्राम त्रिलोकपुरा(खेजडी) में गिरधारी लाल शर्मा के फार्म हाउस के पास मौजूद नाले में शिकारियों ने दो मोरों की हत्या कर दी, ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस और वन विभाग की टीम ने मोरों के शव को पोस्मार्टम के लिए भिजवाकर आरोपियों के विरुद्ध नाम दर्ज मामला दर्ज करते हुए फरार आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

- **ग्रामीणों ने हमलावरों का पीछा किया, नामजद आरोपी फरार हुए**

ग्रामीणों के अनुसार इससे पहले कि मृत मोर को लेकर शिकारी फरार हो पाते, उससे पहले ही ग्रामीणों को इसकी भनक लग गई और ग्रामीणों ने शिकारियों को घेर लिया और शोर शराबा मचा दिया हालांकि यहां शिकारी एक मृत मोर को छोड़कर दूसरे मोर लेकर भागने में कामयाब हो गए लेकिन ग्रामीण भागते हुए शिकारियों को पहचानने में कामयाब रहे। उधर सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस व वन विभाग की टीम ने मोर के शव को पोस्मार्टम के लिए भिजवा दिया।



मोर की हत्या के बाद पुलिस ने मौका मुआयना किया।

थाना इंचार्ज यशवंत सिंह यादव ने बताया कि मामले में पुलिस ने ग्रामीण गोविंद बैरवा एवं गोविंद राम बैरवा पुत्र पांचूराम निवासी त्रिलोकपुरा की शिकायत पर वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत सिकंदर एवं महेंद्र बावरिया पुत्र मालीराम के खिलाफ मुक़दमा दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

## टोंक शहर में एक जुलाई से हैलमेट अनिवार्य

**टोंक, (निसं)।** जिला पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशानुसार टोंक शहर में हेलमेट लगाकर वाहन चलाना 1 जुलाई से अनिवार्य होगा, जिसके लिए यातायात पुलिस की टीम ने आमजन को 10 दिन का समय दिया है। जिसके बाद कार्यवाही होगी।

टोंक शहर यातायात पुलिस प्रभारी ओमप्रकाश ने प्रेस वार्ता कर बताया कि यदि कोई भी वाहन चालक बिना हेलमेट वाहन चलाते पाया गया तो उसके खिलाफ चालान की कार्यवाही की जाकर 1 हजार रुपए का जुर्माना किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आमजन हेलमेट को बोझ नही समझे, यह जीवन का सुरक्षा कवच है, वाहन चलाते समय दुर्घटनाघटित होने पर हेलमेट सिर पर होने से वाहन चालक को जीवन के बचाव होता है। इससे पहले आमजन को हेलमेट लगाकर वाहन चलाने के लिए समझाईश की जाएगी और उसके बाद हेलमेट लगाकर वाहन नहीं चलाने पर कार्यवाही की जाएगी।

## भरतपुर डिपो से करीब 50 बसों का संचालन रोका

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर में भी यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चार दर्जन से अधिक बसों को भरतपुर डिपों में ही रोका गया। 17 जून को भरतपुर डिपो की 7 बसों को चल रहे अग्निपथ के विरोध का सामना करना पड़ा और बसों को काफी नुकसान झेलना पड़ा बसों के शीशे और कई जगह से नुकसान पहुंचा है। इसके चलते रोडवेज डिपों के अधिकारियों ने आगामी दिनों के सामान्य होने तक बसों का संचालन रोक दिया।

रोडवेज बस के संचालन बंद होने से भरतपुर डिपो को तकरीबन रोजाना 8 लाख रूपए का नुकसान हो रहा है। कोटा पटना एक्सप्रेस को भी आज रद्द कर दिया गया है। सिर्फ जयपुर रूट की बसें चल रही हैं। कल मथुरा में भरतपुर डिपो की कई बसों को तोड दिया गया जिसके चलते रोडवेज प्रशासन ने यह कदम उठाया। बस स्टेंड और रेलवे स्टेशन पर पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। अलवर, दिल्ली, हरियाणा, अलीगढ़,

- **17 जून को सात बसों में हुआ था नुकसान, सिर्फ जयपुर रूट की बस चल रही हैं**

हरिद्वार सहित कई इलाकों में भरतपुर डिपो और लोहागढ़ डिपो की बसें जाती हैं, लेकिन अग्नि पथ के विरोध को देखते हुए बसों का संचालन रोका गया है।

फिलहाल भरतपुर से जयपुर, बयाना, उच्चौन, नदबई, रूपवास सहित आस-पास के इलाकों में बसों का संचालन किया जा रहा है। आंदोलन उग्र होने के बाद युवा रेल की पटरियों को उखाड़ रहे हैं। पटरियों पर धरना दे रहे हैं जिससे रेल यातायात भी प्रभावित हो रहा है। जिसको देखते हुए कोटा मंडल ने कोटा -पटना एक्सप्रेस को आज के लिए रद्द कर दिया है।

## पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष गिरफ्तार, जेल भेजा

**धौलपुर, (निसं)।** राजकीय महाविद्यालय धौलपुर के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष बी.के कुशवाहा को सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट डालने के आरोप में धौलपुर जिले की मनिया थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिसे कोर्ट ने जेल भेज दिया है।

मनिया थाना प्रभारी सुमन कुमार चौधरी ने बताया कि केंद्र सरकार की अग्नि पथ योजना को लेकर बीके कुशवाह निवासी रुन्द का पुरा मनिया एवं हाल निवासी टांडा रोड मनिया सोशल मीडिया पर लगातार भड़काऊ पोस्ट डाल रहा था। जिसे समझाने की कोशिश की और ऐसी पोस्ट नहीं डालने के लिए मनाही की। लेकिन वह नहीं माना। पुलिस ने बीके कुशवाहा उर्फ ब्रजकिशोर कुशवाहा को गिरफ्तार कर लिया। जिसे आज शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से कोर्ट ने जेल भेज दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि कुशवाहा राजकीय महाविद्यालय धौलपुर से छात्रसंघ अध्यक्ष रह चुका है।

## 2820 मेगावाट क्षमता वाले सूरतगढ़ थर्मल में 24 घंटे में तीन इकाइयां बंद

**श्रीगंगानगर, (निसं)।** सूरतगढ़ थर्मल की इकाइयों से बिजली उत्पादन में फिर कमी हो गई है। 250 मेगावाट क्षमता की एक और इकाई से उत्पादन ठप हो गया। 2820 मेगावाट वाले थर्मल से सिर्फ 773 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। थर्मल की 250 मेगावाट की 5 नं. इकाई बंद होने के बाद 9 बजे 6 नं. इकाई से उत्पादन ठप हो गया। सुबह 6:30 बजे 250 मेगावाट की 3 नं. इकाई से बॉयलर एरिया में स्टीम लीकेज होने से बिजली उत्पादन बंद हो गया।

बंद हुई दोनों इकाइयों में तकनीकी सुधार के लिए 2 दिन का शट डाउन लिया गया है। थर्मल के पहले फेज में 250-250 मेगावाट की 6 इकाइयों में से सिर्फ 2 ही इकाइयों से उत्पादन हो रहा है। शाम 4 बजे पहली इकाई से 209 व दूसरी से 164 मेगावाट उत्पादन हो रहा था। यहां 3, 4, 5 व 6 नंबर इकाइयों से विद्युत उत्पादन बंद है। ऐसे में 1500 मेगावाट वाली सब क्रिटिकल प्लांट से मात्र 373 मेगावाट ही उत्पादन हो रहा है, जबकि सुपर क्रिटिकल की 660 मेगावाट की 8 नंबर इकाई से 400 मेगावाट उत्पादन हो रहा है। गत तीन महीनों से बंद है इस प्लांट की 660 मेगावाट की 7 नंबर इकाई थर्मल की

- **2820 मेगावाट वाले थर्मल से सिर्फ 773 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है।**

660 मेगावाट की 7 नंबर इकाई 3 माह से अधिक समय से जनरेशन ट्रांसफर में खराबी के चलते बंद है। मतलब 2820 मेगावाट क्षमता वाले सूरतगढ़ थर्मल से शाम के समय मात्र 773 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा था। राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम की 8180 मेगावाट क्षमता की सभी इकाइयों से मात्र 4208 मेगावाट उत्पादन होने से बिजली संकट के हालात बने हुए थे।

एस.पी. बंसल, अतिरिक्त मुख्य अभियंता सब क्रिटिकल, सूरतगढ़ का कहना है कि 250-250 मेगावाट की 5 व 6 नंबर इकाई में तकनीकी खराबी के चलते 2 दिन का शटडाउन लिया गया है, जबकि 250 मेगावाट की 3 नंबर इकाई के बॉयलर एरिया में स्टीम लीकेज के चलते उत्पादन बंद हुआ है। इसे रविवार तक शुरू कर दिया जाएगा।

# ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने से तेरह जिलों की प्यास बुझेगी : मीना

## बस्सी में महापंचायत के दौरान जमकर बरसे बादल, लबाबब हो गए खेत

**बस्सी/जयपुर, (का.सं.)।** पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना किसान संघर्ष समिति की ओर से शनिवार को बस्सी के अणतपुरा के पाया वाला बालाजी के पास किसान महापंचायत हुई। ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के मुद्दे पर आयोजित इस किसान महापंचायत में शामिल होने मुख्य अतिथि रामनिवास मीणा जैसे ही पहुंचे, तो जमकर बारिश हुई। बारिश न केवल महापंचायत स्थल तरबतर हो गया, बल्कि आस-पास के खेतों और तालाब-पोखरों में पानी भर गया।

संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष रामनिवास मीना ने कहा कि ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने से क्षेत्र की पेयजल और सिंचाई की समस्या का पूरी तरह समाधान हो सकेगा। इसके लिए उत्तरी-पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों के किसानों को एकजुट होकर आगे आना चाहिए। उन्होंने ईआरसीपी बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने यह परियोजना 13 जिलों के नागरिकों को नया जीवन देने के लिए तैयार की थी। इस परियोजना को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करौली जिले के हिण्डौन की सभा में



संघर्ष समिति अध्यक्ष रामनिवास मीना के निर्देशन में महापंचायत सम्पन्न हुई।

राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने की बात कही थी, लेकिन अभी तक केंद्र सरकार ने अपने वादे को पूरा नहीं किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया की ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कर 13 जिलों के लोगों को प्राण वायु देने का काम करना चाहिए।

महापंचायत को किसान संघर्ष समिति से जुड़े रिटायर्ड आईएएस प्रभु दयाल मीणा ने संबोधित करते हुए कहा कि जमीन में पानी का स्तर लगातार कम होता जा रहा है पानी और सिंचाई के अभाव में जनजीवन प्रभावित होने लगा है। ऐसे में केंद्र सरकार को ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कर आमजन की तकलीफ दूर करनी चाहिए। महापंचायत को किसान संघर्ष समिति की महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष प्रभावती ने कहा कि अभियान में महिलाओं को भी आगे आकर अपनी बड़ी भूमिका निभानी चाहिए। किसान महापंचायत को पूर्व आईएएस बीपी मीना, उद्योगपति पृथ्वीराज मीणा, पूर्व आरएएस अधिकारी छुट्टन लाल मीणा, विधानसभा चुनाव की पूर्व प्रत्याशी रहीं अवन्ती मीना, अनतपुरा के सरपंच शिवचरण गुर्जर, देवगांव के सरपंच रामजी लाल, निवाई के लोकेंद्र देवरी, जगदीश फौजी चौरबाड़ा, पूर्व आरएएस रामोतार हरडी, वरदी चंद पटेल, लक्ष्मी नारायण पटेल, मुकेश लाल सोरमा, मूलचन्द मीना, गोविन्दा मीना, किसान संघर्ष समिति के करौली जिले से आए प्रदेश महामंत्री भरत सिंह डागुर, प्रदेश संयोजक अमर सिंह नीमरोठ, प्रदेश मीडिया प्रभारी दीनदयाल सारस्वत ने भी संबोधित करते हुए किसानों को ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने के लिए एकजुट होने का आव्हान किया। संचालन रिटायर्ड प्रिंसिपल मूलचंद मीणा ने किया।

- **ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित कराने की मांग को लेकर अणतपुरा में हुई किसान महापंचायत**

किसान महापंचायत में करौली जिले के गुर्जर पटेल भी काफी संख्या में शामिल हुए। गुर्जर पटेलों ने कहा कि सरकार से वे अभी फिलहाल ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना घोषित करने के लिए निवेदन कर रहे हैं। जरूरत पडने पर वे किसी बड़े आंदोलन से भी पीछे नहीं हटेंगे। करौली जिले के कैमरी से आए जगदीश धाम मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष लाखन सिंह गुर्जर, कैप्टन शीशराम, सूबेदार सुग्रीव सिंह, जितेंद्र गुर्जर, दांतकापुरा के राजेश गुर्जर, दयाराम गुर्जर, भागमल सिंह, शिवदयाल आदि ने ने कहा कि चंबल के पानी पर उत्तरी- पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों का हक है, जिसे क्षेत्र के किसान हर हाल में लेकर रहेंगे।